भारत सरकार
उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्याः 657
उत्तर देने की तारीख 03 दिसंबर, 2025 (बुधवार)
12 अग्रहायण, 1947 (शक)

प्रश्न

असम में एनईएसआईडीएस परियोजना

657. मोहम्मद रकीबुल हुसैनः

क्या **उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने उत्तर पूर्व विशेष अवसंरचना विकास योजना (एनईएसआईडीएस) के तहत असम में सड़क और संपर्क परियोजनाओं के प्रभाव का आकलन किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) पूरी की गई परियोजनाओं की कुल संख्या कितनी है;

(ग) क्या कोई परियोजना भूमि अथवा स्वीकृति संबंधी समस्याओं के कारण लंबित है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) पूरा करने के लिए प्रस्तावित समय-सीमा क्या है?

उत्तर

उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास राज्य मंत्री

(डॉ. सुकान्त मजूमदार)

(क) उत्तर पूर्व विशेष अवसंरचना विकास स्कीम (एनईएसआईडीएस) को वर्ष 2017-18 में एक नई केंद्रीय क्षेत्र स्कीम के तौर पर अनुमोदित किया गया था और वर्ष 2022-23 में इसे दो हिस्सों में पुनर्गठित किया गया अर्थात एनईएसआईडीएस (सड़क) और एनईएसआईडीएस (सड़क अवसंरचना के अतिरिक्त)। एनईएसआईडीएस-सड़क का व्यापक उद्देश्य पूर्वोत्तर क्षेत्र का केंद्रित विकास सुनिश्चित करना है, जिसके तहत पूर्वोत्तर क्षेत्र के आठ राज्यों को सड़क अवसंरचना निर्माण वाली परियोजनाओं के लिए वित्तीय सहायता दी जाएगी।

उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय ने असम सहित पूर्वोत्तर क्षेत्र के सभी आठ (08) राज्यों में एनईएसआईडीएस (सड़क) स्कीम के अंतर्गत सड़क संपर्क के प्रभाव का आकलन भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम), शिलांग के माध्यम से अवसंरचना विकास, सामाजिक अवसंरचना, क्षेत्रीय विकास, बहु-क्षेत्रीय सहायता, कार्यान्वयन तंत्र आदि सहित कई मापदंडों पर किया है।

प्रभाव अध्ययन में, अन्य बातों के साथ-साथ, इस बात पर ज़ोर दिया गया है कि एनईएसआईडीएस के तहत परियोजनाएं न केवल तत्काल अवसंरचनात्मक आवश्यकताओं को पूरा करें बल्कि दीर्घकालीन सामाजिक-आर्थिक लाभ भी मुहैया कराएं - जिससे पूरे क्षेत्र में व्यापार, पर्यटन और

मोबिलिटी बढ़े। वे संवहनीय विकास लक्ष्य नंबर 9 (उद्योग, नवोन्मेष और अवसंरचना) और 11 (संवहनीय शहर और अर्थव्यवस्थाएं) के साथ भी संबद्ध हैं, जिससे दायित्व-युक्त विकास सुनिश्चित हो।

(ख) वर्ष 2017 से असम राज्य के लिए एनईएसआईडीएस के तहत कुल 20 सड़क परियोजनाएं स्वीकृत की गई थीं, जिनमें से 14 परियोजनाएं पूरी हो चुकी हैं।

(ग) असम राज्य में एनईएसआईडीएस (सड़क) के तहत कोई भी परियोजना भूमि या स्वीकृति संबंधी मुद्दों के कारण लंबित नहीं है।

(घ) एनईएसआईडीएस के तहत मंज़ूर परियोजनाओं की कार्यान्वयन अवधि कई बातों पर निर्भर करती है, जैसे कि भौगोलिक अवस्थिति, प्रदेश, भूमि की उपलब्धता, अनिवार्य कानूनी मंज़ूरी, बाधाओं का निराकरण, वित्तीय मुद्दों का समाधान आदि।

*****